## प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

## पुलिस अधीक्षक महोदय सीतापुर द्वारा नवनिर्मित बैडमिंटन हॉल किया गया उद्घाटन

**दिनांकः- 09.08.2026**

आज दिनांक 09.08.2026 को पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद सीतापुर श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा पुलिस लाइन परिसर सीतापुर में नवनिर्मित बैडमिंटन हॉल का फीता काटकर एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ उद्घाटन किया गया।

तत्पश्चात महोदय द्वारा बैडमिंटन हॉल का निरीक्षण कर इसकी सुविधाओं का जायजा लिया गया तथा पुलिस कर्मियों को नियमित रूप से खेलकूद गतिविधियों में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।


इस अवसर पर महोदय द्वारा बताया गया कि इस बैडमिंटन हॉल की स्थापना का मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मियों की शारीरिक दक्षता, खेल कौशल एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना, नियमित खेल गतिविधियों के प्रति रुचि बढ़ाना तथा पुलिस कर्मियों में टीम भावना, अनुशासन एवं आपसी समन्वय को सुदृढ़ करना है। पुलिस कर्मियों के लिए शारीरिक रूप से फिट एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। खेलकूद गतिविधियां तनाव कम करने के साथ-साथ कार्यक्षमता एवं सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
इसी उद्देश्य से पुलिस कर्मियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक(उत्तरी) श्री आलोक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) श्री दुर्गेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर/सदर श्रीमती नेहा त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवबालक वर्मा व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।


नवनिर्मित बैडमिन्टन हॉल
श्री अंकुर अग्रवाल IPS
पुलिस अधीक्षक, सीतापुर


नवनिर्मित बैडमिन्टन हॉल
का उद्घाटन
श्री अंकुर अग्रवाल IPS
पुलिस अधीक्षक, सीतापुर
के कर कमलों द्वारा
दिनांक 09.08.2026 दिन रविवार को किया गया।
श्री शिव बालक वर्मा
प्रतिसार निरीक्षक
सीतापुर
श्रीमती नेहा त्रिपाठी
क्षेत्राधिकारी लाइन्स/सदर
सीतापुर
श्री आलोक सिंह
अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी)
सीतापुर
श्री दुर्गेश कुमार सिंह
अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी)
सीतापुर
विशेष योगदान
1. मु.आ. मो. याकूब
2. मु.आ. विमल कुमार





------------------0------------------